# पुलिस नौकरी मेले में 710 का चयन, 60 को तत्काल नौकरी

## पुलिस पब्लिक स्कूल में 45 स्टॉलों पर 1336 उम्मीदवारों ने दिए साक्षात्कार, पुलिस आयुक्त यशस्वी यादव के अनूठे प्रयास को भारी सफलता

औरंगाबाद। 18 नवंबर। लोस सेवा

पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के पाल्यों के लिए आयोजित नौकरी मेले में शनिवार को लगभग 1336 उम्मीदवारों ने साक्षात्कार दिए, जिनमें से 710 का चयन कर 60 को जगह पर नौकरी का मौका मिल गया. पुलिस आयुक्त यशस्वी यादव के इस अनूठे उपक्रम की पुलिसकर्मियों के साथ ही शहरवासियों ने भी सराहना की है.

पुलिस आयुक्तालय, औरंगाबाद शहर व औरंगाबाद परिक्षेत्र जिला कौशल विकास रोजगार व उद्योजकता मार्गदर्शन केंद्र एवं एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स के संयुक्त तत्वावधान में इस नौकरी मेले का आयोजन किया गया. सिडको, एन-10 पुलिस कॉलोनी परिसर के पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित मेले का उद्घाटन पुलिस आयुक्त यशस्वी यादव ने किया. इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ आरती सिंह, शहर पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) डॉ दीपाली धाटे-घाड़गे, उपायुक्त विनायक ढाकणे, राहुल श्रीरामे, सहायक आयुक्त रामेश्वर थोरात, डॉ अनीता जमादार, ज्ञानोबा मुंडे, नागनाथ कोड़े और ह्यूमन रिसोर्स कन्सल्टेंट के अध्यक्ष तथा प्रबंधकीय संचालक फारुक घीवाला, एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स के असिस्ट सेल प्रमुख रज्जाक शेख, जिला रोजगार व उद्योजकता विभाग के सहायक संचालक एनएन सूर्यवंशी उपस्थित थे.





औरंगाबाद में शनिवार को पुलिस पब्लिक स्कूल ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप आयोजित नौकरी मेले में उपस्थित लोग. दूसरे चित्र में अपनी बात रखते आयुक्त यशस्वी यादव.

पुलिस आयुक्त यशस्वी यादव ने कहा कि व्यस्तता के कारण पुलिसकर्मी अपने बच्चों पर उचित ध्यान नहीं दे पाते. पुलिसकर्मियों के पाल्यों को नौकरी का मौका उपलब्ध करा कर सही अर्थों में उनके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने का प्रयास किया गया है. इससे पहले ठाणे में भी इस प्रकार अनूठा प्रयोग किया था, जिसमें पुलिसकर्मियों के 2000 पाल्यों को विभिन्न प्रकार से नौकरियां और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए थे. पुलिस उपायुक्त डॉ दीपाली धाटे-घाड़गे ने कहा कि औरंगाबाद के इतिहास में पहली बार इस तरह की पुलिस भर्ती में 1336 उम्मीदवार पहुंचे. 710 का नौकरी के लिए चयन किया गया है. 60 युवक-युवतियों को जगह पर नौकरी दी गई. शेष उम्मीदवारों को एक माह बाद बुलाकर नौकरी का मौका दिया जाएगा. पुलिस अधीक्षक डॉ आरती सिंह ने भी मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम का संचालन जवाहरनगर थाने के पुलिस निरीक्षक अविनाश आघाव तथा सहायक पुलिस आयुक्त नागनाथ कोड़े ने आभार माना.

### 45 कंपनियों ने 5000 नौकरियां उपलब्ध कराईं

यशस्वी यादव ने बताया कि औरंगाबाद शहर और बाहर की लगभग 45 कंपनियों और कन्सल्टेंट ने स्टॉल लगाकर लगभग 5 हजार नौकरियां उपलब्ध कराई हैं. हम ठाणे का रिकॉर्ड तोड़ना चाहते थे, लेकिन आज उतनी संख्या में उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो सके.

### देशभर में 15 मेले

देशभर में इस तरह के 15 मेले आयोजित किए गए हैं. मुंबई में 5 मेलों का आयोजन किया गया है. अगले माह अहमदाबाद और मुंबई में और मेलों का आयोजन किया जाएगा. जिन उम्मीदवारों का चयन नहीं होता, उनके लिए एक माह बाद विशेष ट्रेनिंग कैम्प आयोजित किया जाता है. चयनित उम्मीदवारों की ड्राइवर, क्लर्क से लेकर इंजीनियर के पद पर नियुक्ति की जाती है.

-फारूक घीवाला (ह्यूमन रिसर्च कन्सल्टेंट)
-रज्जाक शेख (एएमपी एम्लायमेंट असिस्टेंट सेल)




औरंगाबाद में शनिवार को पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित नौकरी मेले में साक्षात्कार देने उमड़े युवा. दूसरे चित्र में आवेदन की प्रक्रिया पूरी करते हुए कंपनी के कर्मचारी.






## 7 से 10वीं तक के बच्चों के लिए चर्चासत्र आज

औरंगाबाद। 18 नवंबर। लोस सेवा

सातवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए खास नारायणा इंस्टीट्यूट की ओर से रविवार, 19 नवंबर को चर्चासत्र का आयोजन किया गया है.

सिडको एन-5 के संत तुकाराम नाट्यगृह में सुबह साढ़े नौ बजे चर्चासत्र का आगाज किया जाएगा. इसमें प्रा डॉ एमएफ मलिक विद्यार्थियों व अभिभावकों को मार्गदर्शन करेंगे. स्पर्धा परीक्षा की अहमियत, दसवीं में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए किस प्रकार अध्ययन करना चाहिए, दसवीं के पश्चात उचित क्षेत्र का चयन किस प्रकार करेंगे, इसके लिए आवश्यक जानकारी, वर्तमान के शिक्षा क्षेत्र की स्थिति आदि विषयों पर संस्था के प्राध्यापक मार्गदर्शन करेंगे. चर्चासत्र में हिस्सा लेने का आह्वान विशाल लदनिया ने किया है.

## कैसर कॉलोनी में युवक की संदिग्ध मौत

### नारेगांव रोड पर मिला शव

औरंगाबाद। 18 नवंबर। लोस सेवा

जिंसी परिसर की कैसर कॉलोनी निवासी एक युवक का शव कल रात नारेगांव रोड पर एक टपरी के पास संदिग्ध अवस्था में पाए जाने से सनसनी फैल गई है.

मृतक युवक की शिनाख्त शेख इरफानोद्दीन शेख गौफोद्दीन (21) के रूप में की गई. पुलिस ने बताया कि वह जिंसी परिसर की कैसर कॉलोनी में रहता था और हमाली का काम करता था. दो दिन पहले एमआईडीसी सिडको पुलिस गश्त लगा रही थी कि रात लगभग दो बजे इरफानोद्दीन नारेगांव चौक में एक पानटपरी के पास मृत अवस्था में पाया गया था. आरंभ में उसकी शिनाख्त नहीं होने से शव घाटी के शवगृह में रखा गया. इस बीच, उसके रिश्तेदारों ने आज घाटी में संपर्क कर युवक की शिनाख्त की. मौत के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है. इस बारे में एम सिडको पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है.जमादार शेख इस मामले की तहकीकात कर रहे हैं.

इसी तरह की दूसरी दुर्घटना भी पड़ेगांव धरम कांटे के पास हुई. राहुरी जिला अहमदनगर निवासी भारत रामकिसन वर्मा सुबह आठ बजे कार से जा रहे थे कि एक ट्रक चालक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी. इस घटना में कार का भारी नुकसान हो गया. इस बारे में छावनी पुलिस ने ट्रक चालक मोहसिन लल्लू खान (निवासी खरगोन, मध्य प्रदेश) के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

## इंजीनियरिंग के पांच कालेजों में रहेगा 'होम सेंटर'

औरंगाबाद। 18 नवंबर। लोस सेवा

डॉ बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के परीक्षा व मूल्यांकन मंडल कार्यालय ने इंजीनियरिंग परीक्षा के लिए होम सेंटर रद्द करने का निर्णय लिया था. पर इसका क्रियान्वयन करते समय औरंगाबाद जिला छोड़ें तो जालना, बीड़, परली, उस्मानाबाद और तुलजापुर इन पांच जिलों में होम सेंटर कायम रहेगा, क्योंकि इन पांच जिलो में अन्य कॉलेज ने इंजीनियरिंग का परीक्षा केंद्र लेने से मना कर दिया है.

परीक्षा व मूल्यांकन मंडल कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि इन पांच जिलों में जिन इंजीनियरिंग कॉलेज में परीक्षा केंद्र दिया गया है, वहां पर बैठा दस्ता (सिटिंग स्क्वाड) दिया जाएगा. इन स्थान पर दो दिनों बाद बैठे दस्ते को बदला जाएगा. इसके अलावा साथ ही इंजीनियरिंग का पेपर होने के बाद किसी भी हालात में तीन घंटे के भीतर उत्तरपुस्तिका विश्वविद्यालय की दिशा में रवाना करने की व्यवस्था की गई है. कुछ दिनो में इंजीनियरिंग की शीतकालीन परीक्षाओं का आगाज हो रहा है.

## युवक ने की आत्महत्या

औरंगाबाद। 18 नवंबर। लोस सेवा

शहर के हडको में एक सुशिक्षित किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मूल रुप से फुलंब्री निवासी आदित्य का दो साल पहले ही विवाह हुआ था और उसे आठ माह की एक बेटी है. उसके परिवार की उपजिविका खेती पर ही चलती थी.

पुलिस ने बताया कि हडको के एन-9, एम-2, संत ज्ञानेश्वरनगर निवासी आदित्य श्रीधर महाले नामक 25 वर्षीय सुशिक्षित युवक खेती करता था. आज सुबह लगभग सात बजे उसने घर में ही साड़ी से फांसी लगा ली. सुबह जब उसकी पत्नी की नींद खुली तो उसने शोर मचाकर पड़ोसियों की मदद से तत्काल पति को इलाज के लिए घाटी अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. उसने आत्महत्या क्यों की, इसका कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, जिससे सिडको पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है.

बताया गया है कि उसने बैंक से और एक निजी साहूकार से भी कर्ज लिया था, जो चुका नहीं पाया. इसी आर्थिक तंगी के चलते उसने मौत को गले लगाया होगा, इस प्रकार का संदेह पुलिस ने व्यक्त किया है. पुलिस जमादार एसडी सिरसाठ इस मामले की जांच कर रहे हैं.

## शिवसेना प्रमुख के स्मृति दिवस पर कार्यक्रम

**औरंगाबाद.** शिवसेना प्रमुख बालासाहब ठाकरे के पांचवें स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में उनकी तस्वीर का अभिवादन शिवसेना और युवा सेना के पदाधिकारियों ने किया.शिवसेना के कुछ जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी बालासाहब ठाकरे के स्मृति स्थल का अभिवादन करने के लिए मुंबई गए थे. युवा सेना की ओर से समर्थनगर में बालासाहब ठाकरे की तस्वीर का अभिवादन किया गया. इस अवसर पर युवा सेना के जिला युवाधिकारी ऋषिकेश खैरे, आनंद तांदूलवाड़ीकर, शिवाजी पाथरीकर, अक्षय खेड़कर, मिथुन व्यास, हर्षवर्धन त्रिभुवन, नीलेश बोरखड़े आदि उपस्थित थे. बंसीलालनगर शाखा की ओर से वेदांतनगर, रेलवे स्टेशन में अभिवादन किया गया. इस अवसर पर सभागृह नेता विकास जैन, नगरसेवक सिद्धांत शिरसाट, शहर प्रमुख विजय वाघचौरे सहित शिवसेना, युवा सेना व महिला मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### दुर्घटना में दो घायल

पडेगांव निवासी भावलाल शेजवल नामक वृद्ध सुबह लगभग साढ़े छह बजे पड़ेगांव के पास रोड क्रॉस कर रहे थे कि एक मोटरसाइकिल चालक ने उनको जोरदार टक्कर मार दी और भाग गया. दुर्घटना में भावलाल के सिर और हाथ में चोट लगी. इस बारे में सुनील शेजवल की शिकायत पर छावनी पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

**बाजार** • आयात शुल्क बढ़ने का स्थानीय बाजार पर असर, मूंगफली तेल 10 रु सस्ता

## सोयाबीन, पाम तेल 5 रु तक महंगा

औरंगाबाद। 18 नवंबर। लोस सेवा

सोयाबीन की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने खाद्य तेल पर आयात शुल्क में बढ़ोतरी की घोषणा की है. इसका असर शनिवार को स्थानीय बाजार में भी दिखाई दिया. सोयाबीन के साथ ही पामतेल के भाव प्रति लीटर 5 रुपए तक बढ़ गए. लेकिन नई फसल की आवक से मूंगफली तेल के दाम प्रति लीटर 10 रुपए तक नीचे आ गए हैं. मूंगफली तेल 110 से 115 रुपए प्रति लीटर के रेट पर बेचा गया.



सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम कीमत पर व्यापारी सोयाबीन खरीद रहे हैं, जबकि सरकार ने नाफेड द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदने की शुरुआत की है, लेकिन इसका खास परिणाम नजर नहीं आया, जिससे केंद्र सरकार ने आयात किए गए खाद्य तेल के शुल्क में 15 प्रश वृद्धि की घोषणा की है. जिससे क्रूड पाम तेल पर आयात शुल्क 30 फीसदी, रिफाइंड पाम तेल पर 40 फीसदी, क्रूड सूर्यफूल तेल पर 25 फीसदी, रिफाइंड सूर्यफूल पर 35 फीसदी, क्रूड सोयाबीन तेल पर 30 फीसदी, रिफाइंड सोयाबीन तेल पर 35 फीसदी तक पहुंच गया है.

### थोक में 500 रु तक वृद्धि

खाद्य तेल की थोक बिक्री में प्रति क्विंटल 500 रुपए तक वृद्धि हुई है. शहर में 7200 रुपए प्रति क्विंटल में बिकने वाला सोयाबीन तेल शनिवार को 7700 रुपए प्रति क्विंटल में बिका. सरकी तेल 7400 रुपए, पामतेल 6900 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बेचा गया.

### शहर में प्रतिदिन 40 टन तेल की बिक्री

खाद्य तेल के होलसेल विक्रेताओं ने बताया कि शहर में प्रतिदिन 40 टन खाद्य तेल की बिक्री हो रही है. जिसमें 90 फीसदी सोयाबीन, सरकी, सूर्यफूल तेल व पाम तेल का समावेश है. शेष 10 फीसदी मूंगफली और करडी तेल बेचा जाता है.


